हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 3 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

12 पानीपत रिफाइनरी मजदूरों के समर्थन में...

12 पुरानी सब बातों को भुलाकर उत्साह...


## खबर संक्षेप

### अवैध देसी पिस्तौल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने समालखा अड्डे के पास से सचिन उर्फ चीना पुत्र धर्मबीर निवासी गांव अटावला जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार सुभाष ने बताया कि उसने बरामद हुआ कट्टा महाराष्ट्र के नासिक से अज्ञात युवक से खरीदा था। इधर आरोपी पर सचिन पर थाना समालखा में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी के खिलाफ पहले भी लड़ाई झगड़े व आर्म्स एक्ट के आठ केस दर्ज है।

### अवैध तरीके से शराब की बिक्री करते पकड़ा

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस की टीम ने दीपक पुत्र रमेश निवासी वधावाराम कालोनी को अवैध तरीके से शराब की बिक्री करते हुए पकड़ा है। थानेदार थाना तहसील कैंप दीवान सिंह ने बताया कि आरोप पर एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### कातिलाना हमला करने वाले को पकड़ा

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस ने अहर से अटावला रोड पर सरस्वती स्कूल के नजदीक बाइक सवार तीन दोस्तों हर्षित, पंकज, रितेश का रास्ता रोककर रॉड व डंडे से जानलेवा हमला करने के आरोपी प्रिंस निवासी गांव जवाहरा जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। थानेदार राजेश ने बताया कि थाना मतलौडा में गांव शेरा निवासी रितेश पुत्र राजपाल की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पेड़ से लकड़ियां तोड़ते समय दो को लगा करंट

**पानीपत।** गांव पसीना कलां में खाना बनाने के लिए पेड़ से लकड़ियां तोड़ते समय दो लोगों को बिजली का करंट लग गया। दोनों को पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पांच सौ रुपये के लेनदेन के विवाद में युवक को पीटा

**पानीपत।** नूरवाला क्षेत्र में पांच सौ रुपये के लेनदेन के विवाद में टिंकू निवासी हरि सिंह चौक, नूरवाला को मारपीट कर घायल कर दिया गया। टिंकू का आरोप है कि उसे सोनू पंजाबी उर्फ साहिल ने अपने साथियों के साथ मिल कर उसके साथ मारपीट की है। टिंकू की शिकायत पर पुलिस ने इस केस की जांच शुरू कर दी है।

### एटीम बदलकर पैसे निकालने वाला काबू

**मुलाना।** थाना मुलाना में दर्ज एटीम बदलक पैसे निकालने के मामले में भी यूपी के जिला मुजफ्फरनगर के रहने वाले आरोपी को काबू कर आरोपी को 3 दिन रिमांड पर लिया गया है। आरोपी पर एटीएम बदलकर एक उपभोक्ता से मोटी रकम निकालने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### खेड़ी तलोडा में बनाया जा रहा था वनस्पति घी, सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे

# खाद्य सुरक्षा विभाग व सीएम फ्लाइंग टीम ने की गोदाम पर छापेमारी

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि गांव खेड़ी तलोड़ा में एक मकान पर दबिश दी गई। यह मकान गांव सिवाहा निवासी अनिल ने दस हजार रुपये महीना किराये पर ले रखा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम व सीएम फ्लाइंग ने गांव खेड़ी तलोडा में वनस्पति घी बनाने के एक गोदाम पर दबिश दी। यहां से टीम को 65 लीटर वनस्पति घी मिला। इसके सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं।

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश कादियान ने बताया कि गांव खेड़ी तलोड़ा में एक मकान पर दबिश दी गई। यह मकान रणधीर का था। यह मकान गांव सिवाहा निवासी अनिल ने दस हजार रुपये महीना किराये पर ले रखा है। अनिल यहां पर वनस्पति घी बनाता है। अनिल ने इसके लिए एसके ट्रेडिंग कंपनी बनाई हुई है व कृष्णा क्लासिक ट्रेड मार्क लिया हुआ है। इसी ट्रेड मार्क के नाम से यह वनस्पति प्रीमियम क्वालिटी घी बनाता था। सीएम फ्लाइंग के सब इंस्पेक्टर विजेंद्र की मौजूदगी में टीम ने यहां से सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।



जींद। टीम द्वारा सील किए गए सैंपल। फोटो : हरिभूमि

### हत्या की नीयत से पेट में चाकू घोंपा

# रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला

मलौर गांव में हुई वारदात, जख्मी युवक के चाचा-चाची को लेकर भी हमलावरों ने बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

गांव मलोर में रंजिश को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला हुआ है। हमलावरों ने युवक को बेरहमी से पीटने के बाद उसके पेट में चाकू मार दिया। फिलहाल घायल युवक चंडीगढ़ के जीएमसीएच सेक्टर-32 अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। मलौर के रहने वाले साहिल (22) ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 28 फरवरी की शाम करीब 5:30 बजे वह दुकान से सामान लेकर घर लौट रहा था। रास्ते में जब वह एक पुलिया पर बैठा था तभी गांव के ही सलिन्द्र, श्याम, रामा और गौरव वहां पहुंचे। आरोप है कि इन चारों ने साहिल को बिना किसी वजह के थप्पड़ और लात-मुक्कों से मारना शुरू कर दिया। रामा ने उसके सिर पर डंडे से जोरदार वार किया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। साहिल का आरोप है कि हमलावर उसे बेहोशी की हालत में उठाकर अपने घर ले गए। वहां परिवार की महिलाओं सलिंद्र की पत्नी, श्याम की पत्नी, रामा की पत्नी, मनीषा और रामदेवी ने भी मिलकर उसे डंडों और लोहे की रॉड से पीटा। इसी बीच श्याम ने साहिल के पेट में चाकू मार दिया। गांव वालों और परिजनों ने बड़ी मुश्किल से साहिल को उनके चंगुल से छुड़वाया। घायल साहिल को पहले सीएचसी चौड़मस्तपुर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सिविल अस्पताल अंबाला शहर रेफर किया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जीएमसीएच सेक्टर-32 चंडीगढ़ भेज दिया। मेडिकल रिपोर्ट (एमएलआर) के अनुसार, साहिल के सिर, पेट और हाथ की उंगलियों पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि हमलावर यहीं नहीं रुके। अगले दिन उन्होंने साहिल के चाचा संजय और चाची सुमन पर भी हमला किया, जिससे उन्हें भी चोटें आईं।

# रिफाइनरी के पांच श्रमिकों की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी के आंदोलनरत मजदूरों की मांगों के पक्ष में व पांच मजदूरों की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन किया गया। वहीं सीटू प्रदेश महासचिव जय भगवान, सचिव सुनील दत्त, सर्व कर्मचारी संघ राज्य उप प्रधान कश्मीर सिंह, जिला सचिव अमरीश, मासा के सोमनाथ ने रिफाइरी क्षेत्र में काम कर रहे प्रवासी श्रमिकों की मांगें पूरी नहीं किए जाने, उनका शोषण करने व पांच श्रमिकों की गिरफ्तारी का कड़ा विरोध जताया। संगठन नेताओं ने कहा कि रिफाइनरी प्रबंधन द्वारा विस्तार के लिए परियोजनाओं का ठेका अलग-अलग कंपनियों को दिया गया है। वहीं, केंद्र व प्रदेश सरकारों, आईओसीएल व पानीपत प्रशासन की नाक के नीचे हजारों श्रमिकों का शोषण किया जा रहा है। वहीं, आंदोलनकारियों के डेलिगेशन ने एसपी भूपेंद्र सिंह ओर एसडीएम व तहसीलदार सौरभ से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। प्रदर्शन में जन संघर्ष मंच के फुल सिंह, किसान सभा के सचिव राजपाल, प्रधान सुरेन्द्र, संदीप सिंह, ओमपाल, पायल, ओम प्रकाश, रोहताश मलिक, सतपाल चौहान, सुशीला, निर्मला, मुन्ना प्रसाद, करनैल सिंह, दिनेश कुमार, संजय मोहित, लक्षद्वीप, सौरभ, इंद्रजीत, अरविंद आदि ने भाग लिया।



पानीपत। रिफाइनरी के मजदूरों के समर्थन में ज्ञापन देने पहुंचे विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### नकदी छीनकर भागने का आरोपी दोषी करार, एक बरी

**हिसार।** अदालत ने पैसे छीनने के मामले में सूर्यनगर निवासी गौरव को दोषी करार दिया है। उस पर झपट्टा मारकर 7900 रुपये छीनने का आरोप है। उसे 6 मार्च को सजा सुनाई जाएगी वहीं मामले में दूसरे आरोपी देबू को अदालत ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। इस संबंध में बरवाला क्षेत्र के गांव मतलोडा निवासी अजमेर सिंह ने शहर थाना में केस दर्ज करवाया था। अजमेर सिंह के अनुसार वह हिसार के आजाद नगर में दिल्ली अस्पताल के सामने नेहरा स्टेरिंग की दुकान पर काम करता है। घटना के दिन 24 मार्च, 2024 को दोपहर करीब एक बजे वह दुकान से अपने घर जाने के लिए आजाद नगर से फव्वारा चौक तक एक राहगीर की बाइक पर आया था। इसके बाद वह पैदल बस अड्डा जा रहा था। इसी दौरान दो लड़के आए और एक लड़के ने अजमेर सिंह की जेब पर झपट्टा मारकर 7900 रुपये छीन लिए।

जल्द स्वस्थ होने की कामना की

# पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा और कई विधायकों ने जाना विज का हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के अंबाला छावनी स्थित आवास पर सोमवार को लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने पहुंच उनका जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की मंगलकामना की। इस मौके पर उनके साथ भाजपा बरवाला जिला उपाध्यक्ष मुनीष गोयल व अन्य मौजूद रहें। मंत्री अनिल विज से देर शाम हांसी से विधायक विनोद भयाना, रेवाड़ी से विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, सोहना से विधायक तेजपाल सिंह, नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव और पूंडरी से पूर्व विधायक तेजबीर सिंह ने हालचाल जाना और जल्द स्वस्थ होकर जनसेवा में जुटने की कामना की। प्रसिद्ध हरियाणवी गायक वीर दाहिया ने मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंच अपने सुरों का जादू बिखेरा और गीत 'सबको राम-राम है, सबको दिल से प्रणाम' गीत गाया जिस पर ऊर्जा मंत्री सहित वहां मौजूद अन्य विधायकों ने तालियां बजाते हुए सुर से सुर मिलाया।



अंबाला। मंत्री रणबीर गंगवा कैबिनेट मंत्री अनिल विज से मुलाकात करते हुए।

# युवक को 50 ग्राम हेरोइन के साथ किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने कलानौर बॉर्डर से कार सवार एक युवक को 50 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।

सेल के इंचार्ज उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक कार में नशीला पदार्थ लेकर उत्तर प्रदेश से कलानौर होता हुआ आएगा। इस सूचना के आधार पर एएसआई अमित कुमार, कर्मवीर, जसबीर सिंह, पंकज, ललित की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर नाकाबंदी शुरू कर दी। चेकिंग के दौरान एक कार उत्तर प्रदेश की तरफ से आती दिखाई दी। टीम ने कार को रोक कर जांच की। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तहसीलदार रादौर अशोक कुमार को बुलाया गया। कार की तलाशी लेने पर उसमें से 50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान गांव तेजली निवासी वतन सिंह पुत्र महिमा सिंह के नाम से हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश कर उसे रिमांड पर लिया गया। इंचार्ज ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपी से यह पता लगाया जाएगा की वह नशे की खेप कहां से लाता था और किन-किन लोगों तक इसकी सप्लाई करता था। जिले में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।




यमुनानगर। एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा नशा तस्करी के आरोप में पकड़े गए तीन आरोपी।

### नशे के मामले में फरार चल रहे दो अन्य आरोपी गिरफ्तार

इंचार्ज ने बताया कि उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए 2023 में नशे के मामले में फरार चल रहे इरफान उर्फ फाना निवासी दुमझेडा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। 2023 में उनकी टीम ने एक आरोपी को नशे के साथ पकड़ा था। जिसने बताया था कि वह नशीले पदार्थ इरफान से लेकर आता था। लंबे समय से आरोपी फरार चल रहा था। जिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं, टीम ने बैंक कॉलोनी निवासी गुरप्रीत उर्फ काकू को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी 2025 से फरार चल रहा था। इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि 2025 में उनकी टीम ने एक आरोपी को नशा तस्करी के आरोप में पड़ा था। जिसने बताया था कि वह नशीले पदार्थ गुरप्रीत से लेकर आता है टीम लंबे समय से आरोपी के पीछे लगी हुई थी। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### अधिक मुनाफे का लालच देकर 1.85 लाख की ठगी

**हांसी।** साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए साइबर थाना पुलिस ने अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर 1.85 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 80 हजार रुपये की राशि बरामद की है। एसआई अनिल कुमार ने बताया कि हांसी निवासी संदीप ने साइबर थाना में शिकायत दी थी कि वह थोक दवाइयों का व्यवसाय करता है और फेसबुक पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुझे फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी गई। बातचीत के दौरान उक्त व्यक्ति ने व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर निवेश (इन्वेस्टमेंट) के नाम पर अधिक मुनाफे कमाने का लालच दिया। और उसके बाद आरोपियों द्वारा सुनियोजित तरीके से विश्वास में लेकर अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर 1.85 लाख की ठगी कर ली।

# रिटायर्ड सूबेदार से 12.50 लाख रुपये ठगने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

सेना से रिटायर्ड सूबेदार अजीत सिंह को डिजिटल अरेस्ट कर व फर्जी नोटिस का डर दिखाकर 12.50 लाख रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के एक और सदस्य को काबू किया। आरोपी कापहेड़ा गांव वासी बुध राज को साइबर सेल की टीम ने राजस्थान के जोधपुर से गिरफ्तार किया। रिटायर्ड सूबेदार अजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 जनवरी को उनके पास एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एनआईए इंस्पेक्टर रणजीत कुमार बताया। कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के आरोपी अफजल खान के पास से आपके व पत्नी के आधार कार्ड मिले हैं। ठग ने दावा किया था कि आतंकी ने सूबेदार के खाते में सात करोड़ रुपये भेजे हैं। डर के कारण 13 जनवरी को एफडी तोड़ने के बाद दो अलग-अलग बैंक खातों में 12 लाख 50 हजार रुपये जमा करवा दिए थे। पैसे मिलने के बाद आरोपी ने मोबाइल बंद कर लिया। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार आरोपी बुध राज ने पहले पकड़े गए व्यक्ति की बहन के खाते का इस्तेमाल किया था। लालच देकर व्यक्ति से उसका बैंक खाता ले लिया था। उसके बाद बैंक खाते को सक्रिय करने के बाद आगे साइबर ठगों को बेच दिया था। इसी खाते का इस्तेमाल पीड़ित अजीत सिंह से ठगी गई राशि को ठिकाने लगाने के लिए किया गया था।

# हिसार कोर्ट में खेली फूलों वाली होली

### होली मिलन समारोह में जजों और वकीलों ने जल संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिला बार एसोसिएशन हिसार के बार रूम में जजों और वकीलों ने मिलकर होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास, सौहार्द एवं उत्साह के साथ आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार के प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा ने की तथा बार के सचिव समीर भाटिया ने मंच संचालन किया और सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ वकीलों की तरफ़ से मंचासीन सभी न्यायिक अधिकारियों पर पुष्प वर्षा एवं रंगारंग वातावरण के साथ हुआ। इस अवसर पर वकीलों एवं न्यायिक अधिकारियों ने एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा कर होली खेली तथा आमजन को जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं भाईचारे का संदेश दिया। समारोह में सैकड़ों की संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश हिसार अल्का मलिक सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता कर आयोजन की सराहना की। समारोह के दौरान अधिवक्ताओं एवं न्यायिक अधिकारियों ने गीत, चुटकुले, कविताएं, शायरी एवं रागनी प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इस अवसर पर बार के उपप्रधान विकास पुनियां, सहसचिव सुनील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।



हिसार। मंचासीन न्यायिक अधिकारी एवं बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने दी जिलेवासियों को होली पर्व की बधाई

# होली पर हुड़दंग मचाने वालों पर रहेगी पुलिस की नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

होली पर्व पर हुडदंग मचाने वाले लोगों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। इसके लिए शहर के चौंकों पर पुलिस बल भी तैनात रहेगा। जिला उपायुक्त प्रीति व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिलेवासियों को रंगो का त्योहार सौहार्द से मनाए जाने के लिए आहवान किया। वहीं, पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने लोगों को आह्वान किया कि होली के पर्व पर हुल्लड़बाजी एवं हुड़दंगबाजी न करें और प्रेम भावना से इस रंगों भरे त्यौहार को उंमगों से मनाएं।

जिला उपायुक्त प्रीति व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिला वासियों को होली के पवित्र त्यौहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि होली उमंगो व रंगों का त्यौहार है जो आपस में सौहार्द और प्रेम भावना को बढ़ाता है।

उन्होंने जिला वासियों का आह्वान किया है कि वे होली के त्यौहार को पूर्ण सादगी और प्रेम भावना से मनाएं व होली का त्यौहार सभी के जीवन में नई खुशियां लेकर आए। उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार सभी मतभेद भूला कर मनाना चाहिए। क्योंकि यह त्यौहार भाईचारे का संदेश देता है।

### हुड़दंग मचाया तो होगी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि होली रंगों और भाईचारे का पर्व है। इसे शांति और सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि नशा समाज और देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। नशे की समस्या केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामाजिक समस्या है। इसलिए इसे जड़ से खत्म करने के लिए सभी को आगे आना होगा। उन्होंने आह्वान किया कि नशे जैसी बुराई का दहन कर नशा मुक्त एवं अपराध मुक्त समाज बनाने का संकल्प लें। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने थाना प्रबंधकों एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि होली के दौरान शरारती तत्वों और अफवाह फैलाने वालों पर विशेष नजर रखें। उन्होंने मुख्य बाजार, चौक चौराहे, होटल ढाबे, धर्मशालाएं, मस्जिदें तथा अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर कड़ी सुरक्षा रखने के निर्देश दिए।



### विशेष महिला पुलिस बल की तैनाती

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि होली के अवसर पर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। होली के शुभ अवसर पर किसी प्रकार का हुड़दंग या शांति व्यवस्था भंग न हो, इसके लिए शरारती तत्वों पर कार्रवाई की जाएगी। सभी थाना और चौकी प्रभारियों को त्योहार के अवसर पर कानून और शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि होली के अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसी तरह ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रैफिक थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। प्रबंधों के चलते सभी चौक चौराहों पर पुलिस तैनात रहेगी।

## खबर संक्षेप



### बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में 'रंग बरसे' की धूम

करनाल। बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में होली के पावन अवसर पर "रंग बरसे" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी.एड, डी.एड, एमबीए, बीबीए, फैशन डिजाइनिंग, फाइन आर्ट और इंटीरियर डिजाइनिंग विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और ढोल-डीजे की धुन पर सामूहिक नृत्य कर माहौल को रंगमय बना दिया। विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत हरियाणवी नृत्य, समूह नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रस्साकशी प्रतियोगिता और अन्य मनोरंजक गतिविधियों में भी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्थान के निदेशक नितेश गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में त्योहार सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश देते हैं। प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रिजवान ने कहा कि फागुन का महीना प्रकृति में नवचेतना का संचार करता है और होली का पर्व जीवन में सकारात्मकता भरने का प्रतीक है। कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजन ने विद्यार्थियों में आपसी सौहार्द, टीम भावना और सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत किया।

### क्लर्क सुमन देवी को दी भावभीनी विदाई

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में कार्यरत क्लर्क सुमन देवी के सेवानिवृत्त होने पर विश्वविद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके दीर्घ एवं समर्पित सेवाकाल को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि सुमन देवी ने अपने सेवाकाल के दौरान पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की मजबूती केवल नीतियों से नहीं, बल्कि कर्मठ कर्मचारियों की प्रतिबद्धता से होती है। सुमन देवी का योगदान विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था में हमेशा स्मरणीय रहेगा।

### कैथल-यमुनानगर मार्ग होगा फोरलेन, स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा बजट में कैथल से कुरुक्षेत्र और कुरुक्षेत्र से यमुनानगर मार्ग को फोरलेन बनाने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि वह इस मांग को लंबे समय से उठा रहे है। पिछले बजट सत्र में भी उन्होंने इस मार्ग को फोरलेन करने की मांग उठाई थी। अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह घोषणा स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि वे समय-समय पर जनहित की मांगें विधानसभा सत्र में उठाते रहे है। इस सड़क को फोरलेन करने से जनता को काफी सुविधाएं मिलेंगी। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अशोक अरोड़ा ने कहा कि यह बजट घाटे का बजट है।

### बार काउंसिल चुनाव के लिए 5 मतदान केंद्र बनाए

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा एंड पंजाब बार काउंसिल की नई कार्यकारिणी के लिए कुरुक्षेत्र, शाहाबाद और पिहोवा में 18 मार्च को मतदान किया जाएगा। जिला में शांतिपूर्वक मतदान करवाने के लिए 5 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से 3 केंद्र कुरुक्षेत्र में और एक-एक मतदान केंद्र शाहाबाद व पिहोवा में शामिल किया गया है। चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग की तरफ से तैयारियों को किया जा रहा है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा एंड पंजाब बार काउंसिल के 18 मार्च को होने वाले मतदान में सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक वोटिंग होगी। कुरुक्षेत्र में 2277 मतदाताओं के लिए 3 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। पिहोवा में 138 और शाहाबाद में 131 मतदाताओं के लिए एक-एक मतदान केंद्र स्थापित किया गया है।

## सैनी के बजट को सत्ता पक्ष ने सराह, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से नागरिकों को मिलेगी सुविधा

# प्रदेश के बजट में करनाल के विकास को मिली नई रफ्तार: जगमोहन आनंद

## कृषि, स्वास्थ्य, ऊर्जा, परिवहन व आधारभूत ढांचे के लिए बड़े प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट में करनाल जिला को बहुआयामी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण सौगातें दी गई हैं। बजट में विशेष रूप से कृषि, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, ऊर्जा क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण, परिवहन व्यवस्था, युवा कल्याण और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर फोकस किया गया है। गन्ना प्रौद्योगिकी मिशन के अंतर्गत 4 फीट की दूरी पर चौड़ी कतारों में गन्ना रोपण करने वाले किसानों को दी जा रही 3,000 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 5,000 रुपये प्रति एकड़ कर दिया गया है। इससे करनाल जैसे गन्ना उत्पादक क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रदेश की प्रत्येक सहकारी चीनी मिल को अपने क्षेत्र में शुगरकेन हार्वेस्टर उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी दी गई है, जिससे किसानों की श्रम लागत कम होगी और समय की बचत होगी।



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से 2,000 एकड़ के क्लस्टर में 'स्मार्ट एग्रीकल्चर' योजना के तहत आधुनिक तकनीकों द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। यदि इस योजना के अंतर्गत किसानों को किसी प्रकार का नुकसान होता है तो उसकी भरपाई सरकार द्वारा की जाएगी, जिससे किसानों में आत्मविश्वास बढ़ेगा।

संरक्षित खेती, एरोपोनिक्स, हाइड्रोपोनिक्स, ग्रीनहाउस और वर्टिकल फार्मिंग जैसी स्मार्ट बागवानी तकनीकों को 1,000 एकड़ क्षेत्र में लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से फलों की फसल खराब होने पर मुआवजा 40,000 से बढ़ाकर 50,000 रुपये प्रति एकड़ तथा सब्जियों व मसालों के लिए 30,000 से बढ़ाकर 40,000 रुपये प्रति एकड़ कर दिया गया है। घरौंडा में कीटनाशक अवशेष परीक्षण प्रयोगशाला की वार्षिक क्षमता 3,000 से बढ़ाकर 5,000 सैंपल करने और नेमाटोड परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने का भी प्रावधान है।

### बजट से हर वर्ग को मिलेगा लाभः विधायक

करनाल। विधायक जगमोहन आनंद ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत 2,23,658.17 करोड़ रुपये के बजट को सर्वसमावेशी और विकासोन्मुख बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट ग्रामीण विकास, खेल सुविधाओं, कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाने वाला है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 100 नए स्वास्थ्य उपकेंद्र खोले जाएंगे और करनाल में 25 आयुष औषधालय स्थापित किए जाएंगे। 70 एडवांस लाइफ सपोर्ट व 167 बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस खरीदी जाएंगी। लगभग तीन लाख किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि क्षेत्र के लिए हरियाणा एग्री डिस्कॉम के गठन की घोषणा से किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। करनाल में 50 करोड़ की लागत से मछली प्रसंस्करण इकाई स्थापित की जाएगी, जिससे स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार

70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को आय की परवाह किए बिना निःशुल्क रक्त जांच सुविधा दी जाएगी। करनाल सहित पांच जिलों में 25 नए आयुष औषधालय खोले जाएंगे। करनाल मेडिकल कॉलेज में कैथ लैब स्थापित करने का भी प्रावधान है। **ऊर्जा और पर्यावरणः** धान की पराली पर आधारित 200 मेगावाट की बायोमास बिजली परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत लगभग 2.20 लाख घरों में रूफटॉप सोलर पैनल लगाए जाएंगे, जबकि पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों के लिए 35,000 सोलर पंप उपलब्ध करवाए जाएंगे। करनाल में नए विश्राम गृह के निर्माण के लिए 170 करोड़ रुपये के प्रावधान किए गए हैं। दिल्ली-करनाल नमो भारत आरआरटीएस कॉरिडोर से कनेक्टिविटी मजबूत होगी। साथ ही करनाल में 600 एकड़ भूमि पर ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे की स्वीकृति प्रक्रिया वर्ष 2026-27 में पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे निवेश और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

## हरियाणा का बजट हर वर्ग के उत्थान और विकास को गति देने वालाः रामकुमार कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा बतौर वित्त मंत्री पेश किए बजट का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस बार दो लाख 23 हजार 658 करोड़ का बजट पेश किया गया है जो पिछले वर्ष से 10.28 फीसदी अधिक है। इस बजट में प्रदेश के किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं, व्यापारी एवं उद्योगपतियों के साथ-साथ हर वर्ग का ध्यान रखा गया है।

उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं को अवसर, महिलाओं को सशक्तिकरण व गरीब किसानों को आगे बढ़ाने वाला है। इस बजट में विजन भी है, विश्वास भी है और विरासत के साथ-साथ आध्यात्मिकता एवं आधुनिकता भी है। भाजपा सरकार का यह बजट आर्थिक प्रगति, समाज कल्याण, बुनियादी ढांचे को मजबूती, शिक्षा व स्वास्थ्य सुधार को संतुलित रूप से आगे बढ़ाने वाला है। इससे हरियाणा प्रदेश के विकास को गति मिलेगी।

हरियाणा विजन डॉक्यूमेंट 2047 तैयार किया है। प्रति व्यक्ति आय के मामले में हरियाणा अब देश के बड़े राज्यों में अग्रणी बन चुका है। उन्होने कहा कि इस बजट के तहत फिट हरियाणा अभियान शुरू होगा। इसके साथ ही निवेशकों को आकर्षित करने हेतु नई मेक इन हरियाणा नीति, वीटा बूथ आवंटन नीति में महिलाओं को आरक्षण,वाटर सिक्योर योजना के तहत 116 नहरों पर काम होगा, एयर क्लीन प्रोजेक्ट को मंजूरी, नए औद्योगिक निवेश पर सब्सिडी दी जाएगी, प्रत्येक जिले में स्वस्थ नारी क्लीनिक बनाए जाएंगे, एक और बिजली वितरण निगम बनाने का प्रस्ताव, एआई मिशन के तहत युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा, यमुना नदी में प्रदूषण खत्म करने के लिए नया मिशन शुरू किया जाएगा।

### जनता के विश्वास पर खरी उतरी सरकार



विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि हरियाणा की जनता ने जो विश्वास भाजपा सरकार में जताया है, यह बजट उसे पूर्ण रूप से साकार करेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश की मजबूत आर्थिक स्थिति और अर्थव्यवस्था को ऊंचाईयों पर पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। हरियाणा को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है।

## मानवता जनशक्ति फाउंडेशन ने मनाया स्थापना दिवस, बांटे निस्वार्थ सेवा सम्मान

- समाज सेवा में अग्रणी विभूतियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय मानवता जनशक्ति फाउंडेशन के स्थापना दिवस के अवसर पर मानव सेवा संघ करनाल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में असंध के विधायक योगेन्द्र राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं संस्था के नाम से केक काटकर किया गया। इस अवसर पर समाज सेवा, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण के क्षेत्र में



उल्लेखनीय योगदान देने वाले कई समाजसेवियों को 'निस्वार्थ सेवा सम्मान' से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक योगेन्द्र राणा ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निस्वार्थ सेवा की भावना आवश्यक है। उन्होंने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। मानव संसाधन विकास संस्थान नीलोखेड़ी के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह चौहान ने भी संस्था के प्रयासों की प्रशंसा की और समाज के कमजोर वर्गों की सेवा को सर्वोपरि बताया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी अनेक हस्तियां और संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे। अंत में राष्ट्रहित एवं समाज सेवा के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पुलिस अधीक्षक ने किया डीएसपी कार्यालय इंद्री में बने नवनिर्मित पार्क का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री डीएसपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक करनाल नरेन्द्र बिजारणिया ने नवनिर्मित पार्क का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएसपी सतीश गौतम ने की और एसडीएम अनिल यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। एक साल के भीतर कार्यालय परिसर की सुंदरता से पुलिस अधीक्षक गदगद नजर जाए। उन्होंने पूरे पार्क व पुष्प वाटिकाओं का भ्रमण किया।

एसपी नरेन्द्र बिजारणिया ने कहा कि प्रकृति हमारी सभी जरूरतों को पूरा करती है। जब हम प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रयास करते हैं, तो प्रकृति की अनुकंपा से हम सबसे ज्यादा लाभान्वित होते हैं। उन्होंने



इंद्री। इंद्री के डीएसपी कार्यालय में नवनिर्मित पार्क का उद्घाटन करते पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र बिजारणिया। फोटो : हरिभूमि

कहा कि उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय की सुंदरता मनमोहक व प्रेरणादायी है। इसके लिए डीएसपी सतीश गौतम व सौंदर्यीकरण की पूरी टीम बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि पुलिस के कार्यालय में लोग अपने झगड़ों व विवादों को लेकर आते हैं। ऐसा सुंदर कार्यालय व फूलों से सुसज्जित वातावरण उनके दुख व परेशानियों पर मरहम का काम करता है। उनमें सकारात्मक भावनाएं पैदा होती हैं और विवादों के निपटारे की दिशा में उनकी मानसिकता तैयार हो जाती है। इस मौके पर थाना प्रभारी विपिन कुमार, सौंदर्यीकरण अभियान में सहयोगी रहे महिंद्र खेड़ा, अरुण कैहरबा, सुरेश नगली, बलराज चहल, राजेश प्रिंस, मान सिंह चंदेल, धर्मवीर लठवाल, जगदीश चंद्र, सुनील, बलजीत,रविंद्र कांबोज व अनिल आदि मौजूद रहे।

### यह बोले डीएसपी

डीएसपी सतीश गौतम ने बताया कि 26 दिसंबर, 2024 को उन्होंने इन्द्री में जोइन किया था। उस समय कार्यालय के परिसर का बहुत बुरा हाल था। पूरे परिसर में झाड़-झंखाड़ का साम्राज्य था। तभी उन्होंने निर्णय कर लिया था कि इस परिसर को सुंदर बनाना है। उन्होंने बताया कि एक साल से अधिक समय में परिसर में सफाई के बाद यहां पर पांच लाख फूलों के पौधे लगाए गए हैं। 26 हजार से अधिक फलों, सुंदरता बढ़ाने वाले व छायादार पेड़-पौधे लगाए गए हैं। यहां पर बुजुर्ग सैर कर सकते हैं।

## विराट हिंदू सम्मेलन में एकता और संगठन पर जोर

- सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में राष्ट्रभावना से गुंजायमान हुआ वातावरण

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

सकल हिंदू समाज समिति द्वारा सदर बाजार स्थित दयालपुरा कॉलोनी में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डॉ. भरत ठाकुर, मुख्य अतिथि अशोक मग्गू तथा कार्यक्रम



संयोजक निर्मल शास्त्री ने मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में पुरुष, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता डॉ. भरत ठाकुर ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्षों की यात्रा, संगठन की विचारधारा और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठन ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है और जब समाज संगठित होता है तो वह हर चुनौती का सामना करने में सक्षम बनता है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र सेवा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि अशोक मग्गू ने हिंदू समाज को जाति-पाति के भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक मूल्यों के आधार पर ही समाज सशक्त बन सकता है। सम्मेलन के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय श्री राम के नारों से वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया।

## शिव मंदिर इंद्री में मंदिर सुधार सभा ने फूलों की होली खेलकर मनाया होली उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

मंदिर सुधार सभा इंद्री द्वारा शिव मंदिर इंद्री में होली उत्सव के उपलक्ष्य में फूलों की होली खेली गई व होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा प्रधान पवन सिंगला ने की व मंच का संचालन अशोक मलिक ने किया । इस मौके पर करनाल से आए कलाकारों ने मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया ।



इंद्री। शिव मंदिर इंद्री में होली उत्सव पर मनमोहक झांकियां प्रस्तुत करते कलाकार ।

सभा प्रधान पवन सिंगला ने बताया कि मंदिर सुधार सभा कस्बे में हर त्योहार को अच्छे ढंग से मनाती है ताकि आने वाली युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति के बारे में जानकारी मिल सके ।

## मनुष्य जाति ही सबसे बड़ी : स्वामी दिव्यानंद योगीराज

# पंच परिवर्तन से समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है : प्रान्त प्रमुख

भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर सकल हिन्दू समाज द्वारा कालरों मण्डल के अराईपुरा शिव मंदिर में समस्त हिंदू समाज की ओर से हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाज, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण से





जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने भाग लिया।

विराट हिंदू सम्मेलन में मुख्य अतिथि सतपाल सिंह सरपंच कैरवाली,विशिष्ट अतिथि सोमपाल पूर्व डारेक्टर शुगर मिल, स्वामी दिव्यानंद योगीराज, स्वामी माधव आचार्य, मुख्य वक्ता ग्राम विकास गतिविधि प्रान्त प्रमुख हरीश, कार्यक्रम अध्यक्ष सूबेदार बलबीर सिंह,खण्ड कार्यवाह योगेश कुमार,खंड प्रचार प्रमुख लखविंद्र कालड़ा ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्त समाज की आवश्यकता पर जोर दिया। ग्राम विकास गतिविधि प्रान्त प्रमुख हरीश ने बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए कहा कि भारत कोई सामान्य भूमि का टुकड़ा नहीं है, बल्कि यह वह पुण्य धरा है जहाँ का सनातनी हिंदू सदैव 'विश्व कल्याण' की भावना से ओतप्रोत रहता है। उन्होंने इतिहास के कठिन कालखंडों और राष्ट्र पर हुए विदेशी अत्याचारों का स्मरण कराते हुए समाज को सीखने का आह्वान किया। उसी सोच को लेकर 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की गई थी।उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस दिन समस्त हिन्दू समाज जागृत हो जाएगा उस दिन भारत को विश्व शक्ति और विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। स्वामी माधव आचार्य ने अपने विचार रखते हुए माताओं और बहनों से विशेष अपील की कि वे अपनी पुरानी संस्कृति और संस्कारों की संवाहक बनें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को श्रेष्ठ शिक्षा मिल सके। सम्मेलन में उन्होंने पावन पुण्य भूमि की महिमा का भी गुणगान किया। इस मौके पर खण्ड कार्यवाह योगेश कुमार, खंड प्रचार प्रमुख लखविंद्र कालड़ा, जिला नागरिक पत्रकारिता प्रमुख संदीप लोहट, ओमपाल,सह खण्ड कार्यवाह सन्दीप कुमार, आशीष, जितेन्द्र राणा, एडवोकेट नरेश, जगदीश राणा,मेम पाल, तेजबीर वाल्मीकि,कमलजीत भगत,रामदिया कश्यप,ओमप्रकाश मराठा, पंकज फौजी आदि रहे।

### जाति के भेद को मिटाकर एकजुटता पर जोर

वक्ता स्वामी दिव्यानंद योगीराज ने कहा कि हम हिंदू हैं और जातियों में बंटे हुए हैं लेकिन हमें जातियों में नहीं बंटना चाहिए। हमारी सिर्फ एक ही जाति है और वह है मनुष्य जाति। वर्तमान समय में हिंदू सम्मेलनों की महत्ता बढ़ गई है क्योंकि हमें जाति और वर्ग के भेदों को मिटाकर एक सूत्र में पिरोना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपनी प्राचीन और मूल्य आधारित संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पहला विषय कुटुम्ब प्रबोधन है। आज छोटे परिवार और आपसी तनाव बढ़ने से रिश्तों में जुड़ाव कमजोर हो रहा है, जो राष्ट्र के लिए घातक है। उन्होंने सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए कहा कि समाज में जातिवाद और छुआछूत जैसे भेदभाव बढ़ रहे हैं, जिन्हें समाप्त करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## खबर संक्षेप

### शैक्षिणक औद्योगिक भ्रमण किया

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज के एमकॉम के विद्यार्थियों को याकुल्ट डोनेन प्राइवेट लिमिटेड सोनीपत का शैक्षिण औद्योगिक भ्रमण किया। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा, वाणिज्यिक एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ.सुनित शर्मा, प्रो.अजय पाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा ने कहा कि औद्योगिक दौरा करने से सैद्धांतिक ज्ञान के साथ साथ विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान मिलता है और उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। इस अवसर पर प्रो.राजेश, रूहानी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### मेयर कोमल सैनी ने बजट को सराहा

**पानीपत।** नगर निगम की महापौर कोमल सैनी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत लगभग 2.30 लाख करोड़ के विकासोन्मुख बजट का स्वागत करते हुए इसे हरियाणा के समग्र विकास और शहरी सशक्तिकरण का मजबूत रोडमैप बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट विशेष रूप से पानीपत जिले के विकास, नगर निगमों को सशक्त बनाने, शहरी आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, युवाओं के भविष्य और महिला सशक्तिकरण को समर्पित है।

### चोरों ने घर में घुसकर चुराई नकदी व आभूषण

**यमुनानगर।** शहर की सरोजनी कालोनी में चोरों ने सूने घर में घुसकर नकदी व आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सरोजनी कालोनी निवासी अश्वनी कुमार ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 11 फरवरी को घर का ताला लगा कर परिवार के साथ किसी काम से बाहर गया था। 28 फरवरी को जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर से सामान बिखरा पड़ा था।

### कहासुनी में चाचा भतीजा पर कटर से किया हमला

**यमुनानगर।** कस्बा बूडिया में कहासुनी होने पर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने चाचा भतीजा पर कटर से हमला कर दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक आरोपी को नामजद करते हुए आधा दर्जन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार बूडिया निवासी तरसेम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक मार्च को शाम पांच बजे अपने चाचा महेंद्र कुमार के साथ किसी काम से जा रहा था।

### कांग्रेसियों ने मनाई नायडू की पुण्यतिथि

**रादौर।** कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को कस्बा रादौर में भारत कोकिला के नाम से प्रसिद्ध व स्वतंत्रता सेनानी सरोजनी नायडू की पुण्यतिथि मनाई गई। युवा कांग्रेसी नेता उमेश बुबका मुख्य रूप से मौजूद रहे। उनके नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सरोजनी नायडू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उमेश बुबका ने कहा कि सरोजनी नायडू एक महान स्वतंत्रता सेनानी थी। जिन्होंने देश की आजादी के लिए संघर्ष किया था। उनके द्वारा दिए गए योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्टहित में कार्य करना चाहिए।

### नवनियुक्त प्राचार्य ने संभाला जनता स्कूल का कार्यभार

**रादौर।** जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में सोमवार को नए सदस्य का आगमन कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल की नवनियुक्त प्रिंसिपल डॉक्टर कल्पना ने सोमवार को कार्यभार संभाला। प्रथम दिन स्कूल के चेयरमैन मुकेश शास्त्री ने नवनियुक्त प्रिंसिपल डॉ. कल्पना का स्वागत किया व उनको नए उत्तरदायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुकेश शास्त्री ने बताया कि संस्थान छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर है।

---

### चुलकाना धाम बाबा श्याम मंदिर में आयोजित हुआ होली उत्सव

# पानीपत में होली पर्व की धूम, श्रद्धालुओं ने होलिका का पूजन कर दहन किया




**पानीपत।** होलिका के पूजन पर भगवान का जयकारा लगाते हुए महिला श्रद्धालु। चुलकाना धाम में बाबा श्याम का पूजन करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में होली पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। वहीं सोमवार को चुलकाना धाम बाबा श्याम मंदिर में श्याम बाबा के साथ होली उत्सव का आयोजन हुआ। वहीं, उत्सव में भक्तों ने बाबा के चरणों में हर्षोल्लास के साथ फूलों और रंगों से होली खेली। भक्तिमय माहौल में पूरा धाम "श्याम बाबा की जय" के जयकारों से गूंज उठा। इधर, मंदिर समिति के प्रधान रोशन लाल ने सभी उपस्थित भक्तों का स्वागत किया और बताया कि उत्सव के बाद मंदिर को दो दिनों के लिए बंद रखने का निर्णय लिया गया है ताकि सफाई और व्यवस्था का कार्य किया जा सके। वहीं, चुलकाना धाम में श्याम प्रेमियों की भीड़ होली मनाने के लिए उमड़ रही है। इधर, मंदिर के पुजारी फतेह सिंह व कुलदीप ने भक्तों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि श्याम बाबा हारे के सहारे हैं और यहां से कोई खाली हाथ नहीं लौटता। दूसरी ओर, पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में श्रद्धालुओं ने होली का पूजन किया। श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाए। इधर, सोमवार को फाल्गुन पूर्णिमा की रात होलिका दहन किया गया।

#### व्यापारियों ने होली मनाई

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 25 स्थित शुभ लग्न में पानीपत हैंडलूम एसोसिएशन द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में हरपाल ढांडा, एसोसिएशन के प्रधान तरुण नागपाल, मेयर कोमल सैनी, रामकुमार सैनी, त्रिलोचन सिंह, गुलशन सचदेवा, हरबंस सिंह, दर्शन सिंह, हरीश कुमार, विशाल ढींगड़ा, यशपाल खुराना, अशोक बठला, अनुज गोयल, राजीव बरेजा, गौत्तम दुआ, राकेश चुघ, अशोक बांगा आदि ने भाग लिया।

---



**पानीपत।** हिंदू सम्मेलन में मंचासीन अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

## हिंदू समाज को संगठित, सशक्त व जागरूक बनने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के सनौली रोड क्षेत्र के आर्य नगर में हिंदू सम्मेलन का आयोजित हुआ। वहीं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गोसेवा प्रांत प्रमुख महेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में हिंदू समाज का आह्वान करते हुए कहा कि समाज को संगठित, सशक्त और जागरूक बनने की आवश्यकता है। उन्होंने ऐतिहासिक योद्धाओं के आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने समाज के सक्षम एवं संपन्न वर्ग से अपील की कि वे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की सहायता के लिए आगे आएं, जिससे किसी भी प्रकार के प्रलोभन या दबाव के कारण सामाजिक विघटन की स्थिति उत्पन्न न हो। समाज में उंचनीच के भेद को मिटाना होगा और हिंदू हिंदू भाई भाई के संदेश को सभी तक पहुंचाना होगा।

#### मौके पर ये मौजूद रहे

वैदिक परिवार के महासचिव डॉ. राजवीर आर्य, एक राष्ट्र, एक चुनाव के जिला संयोजक ईश कुमार राणा, हरपाल ढांडा, उग्राखेड़ी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रधान गुलशन अरोड़ा, हिंदू सम्मेलन के संयोजक कृष्ण आर्य, सुरेंद्र जोगी, पार्षद बिट्टू प्रजापति, पार्षद प्रवेश शर्मा, कोमल शर्मा, रोहताश प्रजापत, रामू गुर्जर, सुरेंद्र आर्य, गुरुदेव कुमार, रोशन सैनी, केदार कौशिक, देवेंद्र सिंह, हवा सिंह कुंडू आदि ने संबोधन किया।

### नशे के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने सोमवार को झांबा व सनौली गांव में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताकर नशे के खिलाफ जागरूक किया। पुलिस टीम ने गांव में घर-घर जाकर लोगों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है।

---

## इलक्ट्रिकल ट्रेडर्स एसो. का देवी मंदिर में होली उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी अतिथियों को स्मृति चिंह भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा प्राचीन देवी मंदिर में होली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। एलईडी के साथ भव्य दरबार लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेश गर्ग द्वारा ज्योत प्रज्वलित कर किया गया तथा महा आरती के मुख्य अतिथि उद्योगपति विजय जैन रहे। दिल्ली के भजन गायक रितिक गुप्ता जीटीवी सारेगामा फेम ने मधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। पुष्प वर्षा के साथ भक्तिमय होली खेली गई। वहीं विशाल भंडारे का भी आयोजन किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान नरेंद्र जैन, महासचिव योगेश गोयल, सूरज बत्रा, नरेंद्र गांधी, अमित शर्मा, प्रदीप जैन, देवेंद्र जैन, राजकुमार जैन, सुखदेव शर्मा, अशोक मनुजा, बाबूराम जैन, श्याम सुंदर जैन, विनित जैन, पवन बंसल, अमित बंसल, प्रदीप रोहिला, पंकज जैन, मुकेश गुप्ता, विकास जैन, विशाल शर्मा, मिक्की मनुजा, नेहिल गुप्ता, मनु महाजन, रॉबिन गर्ग, सचिन आदि उपस्थित रहे।

## डाइटिशियन ने खानपान के प्रति जागरूक किया

### रोल प्लेइंग प्रतियोगिता में अमन व छाया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों को खानपान के प्रति जागरूक करते हुए डाइटिशियन डॉ. पायल भाटिया। फोटो : हरिभूमि

पानीपत के गांव नांगलखेड़ी में आर्य कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के छठे दिन का शुभारंभ 'यूथ फॉर माई भारत एवं यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी' विषय के अंतर्गत योग एवं ध्यान सत्र से हुआ। स्वयंसेवकों ने प्राणायाम और विभिन्न योगाभ्यास कर दिन की सकारात्मक शुरुआत की। वहीं, प्रातःकालीन सत्र में रोल प्लेइंग प्रतियोगिता में अमन व छाया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इधर, इसके पश्चात "हेल्दी डाइट, हेल्दी बॉडी" विषय पर डाइटिशियन डॉ. पायल भाटिया ने कहा कि हमारा शरीर वही बनता है जो हम खाते हैं। उन्होंने संतुलित आहार के महत्व पर बल देते हुए बताया कि आहार में प्रोटीन की मात्रा बढ़ानी चाहिए, जो अंकुरित अनाज, दालों और बीन्स के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की पोषण संबंधी आवश्यकताएं अलग-अलग होती हैं, इसलिए हमें अपने शरीर की जरूरतों को समझना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का भी संतोषजनक उत्तर दिया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा दुदेजा, आस्था, एनएसएस समन्वयक पंकज चौधरी आदि उपस्थित रहे।

---



**पानीपत।** एसडी इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई की कार्यशाला में भाग लेती विभिन्न स्कूल के टीचर्स। फोटो :हरिभूमि

## टीचर्स विद्यार्थियों को संस्कारी बनाओं : कौर

- एसडी इंटरनेशनल स्कूल में जेंडर सेंसटिविटी पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एसडी इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई (गुरुग्राम संभाग) द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से "संवेदनशीलता कार्यशाला" का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सहानुभूति, आपसी सम्मान, लैंगिक समानता, सामाजिक समरसता तथा भावनात्मक समझ विकसित करना था। संवेदनशीलता, भावुकता, आदि इस कार्यशाला के मुख्य विषय रहे। विद्यार्थियों को संस्कारी बनाएं। जिसमें एसडी इंटरनेशनल स्कूल के टीचर्स साथ-साथ अन्य सीबीएसई के स्कूलों की टीचर्स सम्मिलित होकर जानकारी प्राप्त की। इस कार्यशाला की रिसोर्स पर्सन्स भारती व हरमीत कौर ने टीचर्स को नवीनतम जानकारी दी।

## नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की और निःशुल्क दवाइयां दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी द्वारा बाबा बोधराज मंदिर गुरुनानक पुरा में 84 वां हड्डी जांच व फिजियोथैरेपी कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में जहां कैंप में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. ओम प्रकाश, फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ डॉ. पारस सहगल व हर्ष सहगल ने नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की, वहीं उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी और उनके बीएमडी व शुगर टेस्ट करवाए गए। इधर, मुंजाल व गौरव तागरा ने बताया कि जनहित में सोसाइटी के द्वारा फिजियोथैरेपी का कैंप हर माह के पहले रविवार को आयोजित होगा। जबकि कैंप को सफल बनाने में सुनील मेमोरियल अस्पताल व समाजसेवी अशोक कालड़ा, दीपक अरोड़ा, शुभम सहगल आदि ने सहयोग दिया।



**पानीपत।** आर्य स्कूल की नई प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया

- आर्य सीनियर सेकेंड्री स्कूल में नई प्रबंधक कमेटी ने कार्यभार संभाला

**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की नई प्रबंधक कमेटी का गठन किया गया है। इस अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विजय पाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नई कमेटी में विद्यालय के प्रधान भारत भूषण, उपप्रधान प्रदीप मलिक, प्रबंधक अजय गोयल व कोषाध्यक्ष का वेदमित्र को दायित्व सौंपा गया। सदस्य के रूप में कृष्ण चंद्र, वीरेंद्र सिंह, जगदीश चंद्र आर्य, रतन शर्मा, दीपांशु जागलान, रमेश, सुमित्रा और सुषमा देवी को शामिल किया गया।

इधर, प्राचार्य मनीष घनघस ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि विजयपाल ने विद्यालय की निरंतर प्रगति के लिए नई कमेटी को शुभकामनाएं दीं और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने का आह्वान किया।

---

### आमजन की समस्याओं का त्वरित आधार पर हो समाधानः नगराधीष

**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला सचिवालय में सोमवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगराधीष पीयूष गुप्ता ने लोगों की समास्याएं सुनी। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया और शेष को संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए गए। नगराधीष पीयूष गुप्ता बताया कि समाधान शिविर में जो शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उनमें पाबनी कलां निवासी साधुराम ने नाजायज कब्जा हटवाने बारे, यमुनानगर निवासी करन केसर ने परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने बारे, पटरी मोहल्ला निवासी अमनदीप ने बिजली का बिल छोटे बच्चे के नाम से हटवाने बारे,गांव भगवानपुर निवासी जीता राम ने कटी हुई बुढ़ापा पेंशन दोबारा लगवाने बारे आदि समेत अन्य ने विभिन्न समस्याएं रखी।

### यूनिक क्रिकेट स्टेडियम गांव शेखपुरा में 'दीक्षा नर्सिंग टी-20 क्रिकेट कप आयोजित

# डीएम इलेवन ने दीक्षा नर्सिंग टी-20 क्रिकेट कप जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

यूनिक क्रिकेट स्टेडियम गांव शेखपुरा में खेले गए 'दीक्षा नर्सिंग टी-20 क्रिकेट कप के तहत खेले गए फाइनल मैच में डीएम इलेवन क्रिकेट टीम ने यूनिक स्टेडियम की टीम को रोमांचक मुक़ाबले में सात विकेट से हराया। वहीं, टॉस जीतकर पहले खेलते हुए यूनिक क्रिकेट स्टेडियम की टीम 23 ओवर में 157 रन पर ऑल आउट हो गई। जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए डीएम इलेवन ने 24 ओवर में 7 विकेट पर 158 रन बनाकर मैच जीत लिया। इधर, टूर्नामेंट में अनिल मोंगिया ने सर्वाधिक 241 व नवीन पंघाल ने 181 रन बनाए, सिकंदर ने सर्वाधिक 10 विकेट लिए।



**पानीपत।** दीक्षा नर्सिंग टी-20 क्रिकेट कप विजेता डीएम इलेवन टीम के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

#### ये मौजूद रहे

दीक्षा नर्सिंग टीम गोहाना के अनिल मोंगिया टूर्नामेंट में 241 रन व 4 विकेट के ऑलराउंडर प्रदर्शन से ऑफ़ द सीरीज व सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे, सिकंदर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। दीक्षा नर्सिंग एकाडमी गोहाना के डायरेक्टर संदीप भारद्वाज ने विजेता टीम के कप्तान दीपक मलिक व अन्य खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर यूनिक स्टेडियम के चैयरमैन दीपक गोयल, सुरेश पंघाल, डॉ. राजेश शर्मा, उपेंद्र डीपी, दिनेश धनखड़, सोमबीर, गुरमेल आदि मौजूद रहे।

### साइकिल क्लब ने वर्षगांठ मनाई

**पानीपत।** पानीपत साइकिल क्लब ने अपनी सातवीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने एकत्र होकर क्लब की सात वर्षों की सफल यात्रा का जश्न मनाया और फिटनेस व पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर क्लब के प्रधान बृजमोहन शर्मा, पूर्व प्रधान पवन अरोड़ा, संजय शर्मा, गगन, निखिल माखीजा, मनोज, बिट्टू नारंग, रामकुमार वर्मा, नतेश रावल आदि उपस्थित रहे।

#### सूचना

मैं, बलराम गहल्यान पुत्र सुभाष निवासी 603, गगलन पाना, अट्टा, पानीपत बयान करता हूं कि मैंने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम बलराम से बदलकर बलराम गहल्यान कर लिया है। भविष्य में मुझे बलराम गहल्यान के नाम से जाना व पहचाना जाए।

# होली पर्व को लेकर रामलीला मैदान में पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लगी कतारें

■ बुराई पर अच्छाई व शक्ति पर भक्ति की विजय के रूप में मनाया जाता है होलिका पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़



नारायणगढ़। होली पूजन करते लोग। फोटो : हरिभूमि

होली के पावन अवसर पर सोमवार को एचएलआरडीसी कांप्लेक्स के सामने व रामलीला मैदान में शहरवासियों ने परंपरागत तरीके व पूर्ण श्रद्धा-भाव से होली पूजन किया। शाम के समय होलिका दहन किया गया। सुबह से ही होलिका दहन स्थान पर श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। इस पर्व को बुराई पर अच्छाई व शक्ति पर भक्ति की विजय के रूप में मनाया जाता है। कथानक है कि पुरातन काल में शक्तिशाली राजा हिरण्य कश्यप का पुत्र प्रहलाद विष्णु का भक्त था। हिरण्य कश्यप इससे चिढ़ रखता था। हिरण्य कश्यप ने अपनी बहन और प्रहलाद भक्त की बुआ होलिका को प्रहलाद को मार डालने के लिए नियुक्त किया। कहा जाता है कि होलिका के पास एक ऐसा दुप्पटा था जिसे ओढने पर वह आग के प्रभाव से बच सकती थी।

*हुड़दंग मचाने वालों पर रखी जाएगी नजर, बाइक से पटाखे चलाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई*

# होली को लेकर पुलिस ने कसी कमर, 70 नाकों पर पुलिस के जवान तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

## सिविल पुलिस के साथ पीसीआर राइडर्स, क्विक रिस्पांस टीम, दुर्गा शक्ति की विशेष टीमें अलर्ट

होली के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। जिलेभर में विभिन्न प्रवेश द्वार व मुख्य चौक-चौराहों पर पुलिस की तरफ से नाकाबंदी की जाएगी। संवेदनशील व अन्य स्थानों पर 70 विशेष पुलिस नाके स्थापित किए जाएंगे। इन नाकों पर आने-जाने वाले हर संदिग्ध वाहन व व्यक्ति पर नजर रखी जाएगी। पुलिस की तरफ से हुड़दंगियों पर नजर रहेगी। कोई भी युवक बाइक के साइलेंसर बदलकर या बाइक से पटाखे बजाता दिखाई देगा तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। सिविल पुलिस के साथ-साथ पीसीआर राइडर्स, क्विक रिस्पांस टीम, दुर्गा शक्ति की विशेष टीमें अलर्ट पर रहेंगी।

होली पर पुलिस की तरफ से जिलाभर में संवेदनशील इलाकों को भी चिह्नित किया गया है। इन इलाकों पर पुलिस की खास नजर रहेगी। सादी वर्दी में भी मुलाजिम इन इलाकों में नजर बनाए रखेंगे। भीड़भाड़ वाले इलाकों जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार और मॉल में सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा बुलेट बाइक से पटाखे बजाने वालों पर भी नजर रहेगी। स्वास्थ्य विभाग ने होली की तैयारी शुरू कर दी है। नागरिक अस्पतालों की एमरजेंसी में बेडों को खाली रखा जाएगा। साथ ही दवाओं का स्टॉक पूरा कर लिया गया है। एहतियात के तौर पर यह व्यवस्था की जा रही है।

## केमिकल वाले रंगों से बचें

चमड़ी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद का कहना है कि बाजार में बिकने वाले सस्ते रासायनिक रंगों में खतरनाक केमिकल होते हैं। ये केमिकल त्वचा में जलन व गंभीर एलर्जी जैसी समस्याएं पैदा कर सकते हैं। रंग आंखों की कॉर्निया को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में केमिकल युक्त गीले रंगों के बजाय हर्बल गुलाल या फूलों से बने प्राकृतिक रंगों का ही उपयोग करें ताकि स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से बचा जा सके। उन्होंने होली खेलने पर एलर्जी से बचने के लिए मिलावटी व केमिकल वाले रंगों से बचना चाहिए। त्वचा के लिए सुरक्षित या घर के बने हर्बल रंगों का ही इस्तेमाल करें।रंग खेलने जाने से पहले शरीर व बालों पर नारियल तेल या लोशन लगाएं। रंग खेलने के तुरंत बाद नहा लें ताकि शरीर पर लगा केमिकल साफ हो जाए। घर में धूल-मिट्टी न जमने दें, एलर्जी के लक्षण दिखें तो अपनी मर्जी से दवा न खाएं। जिन्हें गंभीर एलर्जी या अस्थमा की शिकायत है, जरूरी दवाएं अपने पास रखनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### मारपीट करने पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**जींद।** नई सब्जी मंडी के निकट युवक के साथ मारपीट करने पर शहर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। श्याम नगर निवासी राजू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की वह नई सब्जी मंडी के निकट दोस्तों के साथ खड़ा मजाक कर रहा था। उसी दौरान बगल से गुजर रहे सैनी मोहल्ला निवासी विकास को लगा कि उसका मजाक उड़ा रहे हैं।

### अवैध असलहा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ पुलिस ने अवैध असलहा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान गांव मनोहरपुर निवासी विशाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज के मुख्य सिपाही विजय ने बताया कि वह रोहतक रोड पर गश्त कर रहे थे।

### भाविप पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह कराएगी

**सीवन।** भाविप शाखा की बैठक सीवन में हुई , जिसमें 8 मार्च, रविवार को बाबा नारायण दास सत्संग भवन में होने वाले सामूहिक सरल विवाह समारोह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पांच जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का विवाह पूर्ण सादगी, गरिमा और सामाजिक सहयोग के साथ संपन्न करवाया जाएगा।

## एसकेएस के कार्यकर्ताओं ने की जमकर नारेबाजी

# पानीपत रिफाइनरी मजदूरों के समर्थन में रोष प्रदर्शन

*रिफाइनरी प्रबंधन व प्रशासन के साथ ठेकेदार के खिलाफ भी की नारेबाजी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते प्रदर्शनकारी। फोटो : हरिभूमि

सेंट्रल ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) व नगरपालिका कर्मचारी संघ (एसकेएस) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को आंदोलनरत पानीपत रिफाइनरी मजदूरों के समर्थन में एकजुटता प्रकट कर सागर व शशांक हंस के नेतृत्व में कम्युनिटी हाल से उपमंडल अधिकारी कार्यलय तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पानीपत रिफाइनरी की मैनेजमेंट, प्रशासन व ठेकेदारों समेत केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। केंद्रीय श्रम मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा गया। इसमें आंदोलनरत रिफाइनरी मजदूरों के वेतन बढ़ोतरी सहित सभी मांगो का समाधान करने व पुलिस दमन बंद फौरन करने की मांग की गई। प्रदर्शन से पहले सीटू नेता सतीश सेठी ने कहा कि 23 फरवरी से

■ आठ घंटे काम व अन्य मानवीय सुविधाओं के लिए हड़ताल पर

रिफाईनरी के हजारो मजदूर वेतन बढ़ोतरी, आठ घंटे काम व अन्य मानवीय सुविधाओं के लिए हड़ताल पर हैं । परन्तु प्रबंधन व ठेकेदार मांगो का निपटारा बातचीत से करने की बजाए मजदूरों पर पुलसिया दमन करवा रहा है। यही नहीं बाउंसरों द्वारा मजदूरों को डराया धमकाया जा रहा है। ऊपर से मजदूरों के समर्थन में आए सीटू व अन्य संगठन नेताओ के खिलाफ मजदूरों से कोरे कागज पर जबरन दस्तखत करवाए जा रहे हैं। सीटू इस दमन की कार्यवाही को किसी भी सुरत में बर्दाश्त नहीं कर सकता। इसलिए मजदूर विरोधी सरकार व प्रशासन के खिलाफ प्रदेश भर में सीटू कार्यकर्ता सड़को पर उतरने को मजबूर हुए है। सीटू द्वारा सौंपे ज्ञापन में आंदोलनरत मजदूरों से तुरंत बात कर सम्मानजनक तरीके से त्रिपक्षीय समझौता करने। आठ घंटे की ड्यूटी की सख्ती से पालना करने। ओवर टाइम का डबल वेतन देने । हर वर्कर का महीने की 7 तारीख तक वेतन सीधे उसके बैंक खाता में जमा करने। पीएफ, ईएसआई व तमाम श्रम कानूनों की सख्ती से पालना व उलंघन्न करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही करने। वर्क साइट पर कैंटीन, शौचालय व विश्राम स्थल सहित तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाने। मजदूरों के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्ध करने व मजदूरों व उनके समर्थन में आए लोगों को फौरन रिहा करने की मांग की गई है।

# मोक्ष वृद्धाश्रम के साथ महिला आश्रम में हुई महिलाओं की आंखों की जांच

■ दस मरीजों में पाई मोतियाबिंद की बीमारी, सभी के होंगे आपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर



शहजादपुर। वैन में मरीजों की आंखों की जांच करते विशेषज्ञ।

मोक्ष वृद्धाश्रम और महिला आश्रम गांव डेहरी में सक्षम, माधव नेत्र ज्योति सोसायटी और कपिल आई अस्पताल अम्बाला शहर द्वारा संयुक्त रूप से मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। सभी चिकित्सीय सुविधाओं से लैस एक चल नेत्र चिकित्सालय (वैन) लेकर पहुंची कपिल आई अस्पताल की टीम ने आश्रम में रह रहे लोगों के नेत्रों की जांच की। शिविर में 33 लोगों के नेत्रों की जांच की गई जिनमें से लगभग 10 मोतियाबिंद व नेत्र रोगों से पीड़ित पाए गए। संस्था द्वारा नेत्र रोगियों को मुफ्त दवाईयां दी गई व घोषणा की कि जिन रोगियों को नंबर के चश्मों की जरूरत है उन्हें नंबर के चश्में प्रदान किए जाएंगे। संस्था द्वारा आश्वासन दिया गया कि आश्रम के हिसार स्थित मुख्यालय के मोतियाबिंद के रोगियों को अस्पताल लाया जाएगा ताकि उनका आप्रेशन मुफ्त करवाया जा सके। बता दें कि सभी चिकित्सीय सुविधाओं से लैस इस चल नेत्र चिकित्सालय (वैन) का उद्घाटन 1 मार्च को पूर्व मंत्री असीम गोयल ने किया गया। यह वाहन दूरस्थ क्षेत्रों में जहां विद्युत व्यवस्था उपलब्ध न हो के निवारण हेतु इसमें इन्वर्टर की सुविधा भी है। अत्यधिक गर्मी के मौसम के लिए वातानुकूलन व्यवस्था भी इसमें उपलब्ध है । इस वैन के द्वारा सोमवार को प्रथम मुफ्त नेत्र जांच कैंप का आयोजन मोक्ष वृद्धाश्रम और महिला आश्रम में किया गया। इस शिविर में सक्षम हरियाणा के कार्यालय प्रमुख श्रीकृष्ण सैनी और सोनू और रमन रावत ने अपनी बहुमूल्य सेवाएं प्रदान की।

## 14 भगोड़े गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस की ओर से अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन आक्रमण' के तहत बड़ी कामयाबी हासिल की गई। इस अभियान के दौरान पुलिस ने न केवल पुराने अपराधियों को दबोचा, बल्कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी भारी शिकंजा कसा। ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने विभिन्न गंभीर अपराधों में संलिप्त 32 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके अतिरिक्त, कानून की गिरफ्त से दूर चल रहे 14 पीओ (घोषित अपराधी) और बेल जंपर्स को भी सफलतापूर्वक काबू किया गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से वांछित अपराधियों को काबू करने में मदद मिली। अभियान के दौरान कुल 373 चालान काटे गए। विशेष रूप से खतरनाक ड्राइविंग और लेन अनुशासन तोड़ने वालों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लाइन चेंज ड्राइविंग के 113 चालान किए गए।

## रिहायशी भवन से कीमती गहने व सामान चोरी, पुलिस ने दर्ज किया केस

**अंबाला।** अंबाला छावनी के तोपखाना परेड इलाके में चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाते हुए अलमारी के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। तोपखाना परेड के सुनील ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करते हैं। दोपहर करीब 12:30 बजे वह अपनी पत्नी नेहा के साथ किसी काम से अंबाला शहर गए थे। घर पर उनकी माता मौजूद थीं, जो कुछ समय के लिए पास ही स्थित अपने देवर के घर चली गईं। दोपहर करीब 3:00 बजे जब सुनील और उनकी पत्नी वापस लौटे, तो घर के मुख्य दरवाजे का कुंडा लगा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो दोनों कमरों की लोहे की अलमारियों के ताले टूटे पड़े थे और सारा सामान बिखरा हुआ था। सुनील के अनुसार चोरों ने अलमारियों को खंगालकर कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरी हुए सामान में सोने की 2 बालियां, चांदी के 2 कड़े, 2 जोड़ी पाजेब, बच्चों के चांदी के कड़े, 1 चांदी का हार और टोपस शामिल हैं। इसके अलावा उनकी माता के गहनों में से 2 जोड़ी चांदी की पाजेब, 1 सोने की नोजपिन और 1 सोने का कोका भी चोरी हो गया। साथ ही अलमारी में रखे पर्स से करीब 2,500 से 3,000 रुपए नकद भी गायब मिले।

## बजट से स्थापित होंगे नए आयाम, किसान युवा, महिला व व्यापारियों को मिलेगा लाभ

■ पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने बजट की जमकर की तारीफ, विपक्षी दलों के नेताओं ने बजट को दिशाहीन करार दिया



पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल

**अंबाला।** राज्य सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत किए गए बजट की सत्तापक्ष के नेताओं ने जमकर तारीफ। जबकि विपक्षी नेताओं ने बजट को दिशाहीन करार कर दिया है। बजट को प्रदेश के सर्वांगीण विकास को गति देने वाला बताते हुए पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश के प्रत्येक वर्ग किसान, युवा, महिला, व्यापारी एवं आम नागरिक की अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाला है। बजट में विकास कार्यों, आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शहरी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया है। इससे प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

उन्होंने विशेष रूप से अंबाला सहित प्रदेश के शहरों के विकास के लिए किए गए प्रावधानों का स्वागत करते हुए कहा कि इससे शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी।

## प्रदेश के विकास और जनकल्याण को समर्पित बजट : संदीप सैनी

■ 18 स्थानों पर नए डायलिसिस केंद्र स्थापित किए जाएंगे



संदीप सैनी अंबली।

**शहजादपुर।** मुख्यमंत्री बजट में रखा हर वर्ग का ख्यालसैनी द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट का भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अंबली ने स्वागत करते हुए इसे प्रदेश के विकास और जनकल्याण को समर्पित बजट बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में प्रदेश के साथ-साथ क्षेत्र के विकास को भी विशेष प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में प्रदेश में चार नए राजकीय बहु तकनीकी (पॉलीटेक्निक) संस्थान स्थापित करने की घोषणा की गई है, जिनमें से एक राजकीय बहु तकनीकी संस्थान नारायणगढ़ में भी स्थापित किया जाएगा। इससे क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए बेहतर अवसर मिलेंगे और उन्हें अपने ही क्षेत्र में उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 18 स्थानों पर नए डायलिसिस केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इनमें उपमंडल अस्पताल को भी शामिल किया गया है।

## सरकार का बजट बढ़ते कर्ज पर पर्दा डालने वाला दस्तावेज : रोहित जैन

■ जन विकास की बजाय सरकार बजट से अपने विकास के हित देख रही



एडवोकेट रोहित जैन।

**अंबाला।** प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन ने सोमवार को प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट महज राज्य की जनता पर बढ़ते कर्ज पर पर्दा डालने वाला दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि बजट पूरी तरह से दिशाहीन है। उन्होंने कहा कि बेशक सरकार 10.28 प्रतिशत बजट वृद्धि का दावा कर रही है लेकिन सच्चाई यह है कि प्रदेश पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बजट प्रदेश की जनता की बुनियादी समस्याओं से ध्यान हटाकर प्रस्तुत किया गया है। प्रदेश की जनता जल संकट और प्रदूषण जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है।उन्होंने कहा कि बजट में कहीं भी जनता की सुविधाओं का ख्याल नहीं रखा गया। उन्होंने कहा कि बजट में जनता के हित नजर आने चाहिए थे। मगर जन विकास की बजाय सरकार ऐसे बजट से अपने विकास के हित देख रही है।

## बजट आंकड़े जोड़ने में पास, जन विश्वास जोड़ने में फेलः सरवारा

■ बजट उस राज्य की तस्वीर पेश कर रहा जहां कागज पर विकास दौड़ रहा



चित्रा सरवारा

**अंबाला।** युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट पहली नजर में शब्दों का विराट स्थापत्य प्रतीत होता है, किंतु जब इसके पन्नों को परत-दर-परत खोला जाता है तो स्पष्ट हो जाता है कि यह दस्तावेज़ जन-आकांक्षाओं का समाधान नहीं, बल्कि आंकड़ों की मात्र अलंकारिक बाज़ीगरी है। सरवारा ने तीक्ष्ण शब्दों में कहा कि यह बजट उस राज्य की तस्वीर पेश करता है जहां काग़ज पर विकास दौड़ रहा है, परंतु धरातल पर युवा बेरोज़गारी की धूल फांक रहा है, किसान ऋण के चक्रव्यूह में फंसा है और मध्यमवर्ग महंगाई के बोझ तले कराह रहा है। उन्होंने कहा कि बजट में घोषित योजनाओं की चमक वास्तविक संसाधन-संतुलन से मेल नहीं खाती। राजस्व और व्यय के बीच का अंतर्विरोध भविष्य की पीढ़ियों पर ऋण का नैतिक बोझ बढ़ाता दिखाई देता है। यदि आमदनी के स्रोत ठोस और पारदर्शी नहीं हैं, तो ख़र्चे की घोषणाएं केवल राजनीतिक घोष-वाक्य बनकर रह जाती हैं।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया पर्व

# पुरानी सब बातों को भुलाकर उत्साह-उमंग के साथ मनाएं होली

*पंजाब जोन की डायरेक्टर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उत्तरा दीदी के सानिध्य में कार्यक्रम सफल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला





अंबाला। गुलाल लगाकर नृत्य करते बच्चे व होली मनाती बीके बहनें। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के कंचघर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। पंजाब जोन की डायरेक्टर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उत्तरा दीदी के सानिध्य में कार्यक्रम सफल हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिवालिक डिवेलपमेंट एजेंसी की सीईओ एचसीएस पूजा कुमारी मौजूद रही। कार्यक्रम में कुमारियों ने कृष्ण राधा बनकर बरसाने की होली मनाई साथ ही नृत्य किया। राजयोगिनी उत्तरा दीदी ने होली का आध्यात्मिक रहस्य हम सभी के साथ सांझा करते हुए बताया कि होली में पहले जलाते हैं फिर रंग लगाते हैं। सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने बताया की होली एक उमंग उत्साह का त्यौहार है। इसे पूरे उमंग उत्साह से और खुशी से मनाना चाहिए। पुरानी सब बातों को भूलकर आत्मा भाई-भाई का पाठ पक्का कर बहुत खुशी से हमें यह त्यौहार मनाना चाहिए। सारे गिले शिकवे खत्म कर हमें आगे बढ़ना चाहिए। यही होली का त्यौहार हमें सिखाता है। इसके साथ ही उन्होंने मेडिटेशन करा सभी भी गहन शांति खुशी आनंद की अनुभूति कराई। कहा अंदर में जो भी कोई बुराई है उसका होलिका दहन कर दें। अपने साथ परिवर्तन के लिए एक दृढ़ प्रतिज्ञा करें। बच्चों ने भी अपने नृत्य से सभी का मन मोह लिया बाद में फूलों के गीतों पर सभी ने होली खेली। उत्तरा दीदी ने सबको आत्म स्मृति के गुलाल से तिलक दिया बाद में सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

## 2.23 लाख करोड़ का बजट, पर जनता के हिस्से में भ्रम और कर्ज का बोझः निर्मल सिंह

■ जब राज्य पर देनदारियों का आंकड़ा चार लाख करोड़ के आसपास पहुँचने की आशंका की जा रही हो, तब बजट का आकार बढ़ाना उपलब्धि नहीं



विधायक निर्मल सिंह।

**अंबाला।** राज्य सरकार द्वारा विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत 2,23,658.17 करोड़ के बजट पर अंबाला शहर से कांग्रेस विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री निर्मल सिंह ने तीखी,तथ्याधारित और तार्किक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत इस बजट को "कर्ज पर टिका हुआ विस्तारवादी दस्तावेज़" बताते हुए कहा कि 10.28 प्रतिशत की वृद्धि का आंकड़ा वास्तविक आर्थिक सुदृढ़ता का नहीं, बल्कि बढ़ते दायित्वों का संकेत है। निर्मल सिंह ने कहा कि 2025-26 के संशोधित अनुमान 2,02,816.66 करोड़ से बढ़ाकर 2,23,658.17 करोड़ का प्रावधान दिखाया गया है, किंतु यह नहीं बताया गया कि इस अतिरिक्त व्यय के लिए स्थायी राजस्व स्रोत क्या हैं। "जब राज्य पर कुल देनदारियों का आंकड़ा चार लाख करोड़ के आसपास पहुँचने की आशंका व्यक्त की जा रही हो, तब बजट का आकार बढ़ाना उपलब्धि नहीं, बल्कि भविष्य पर ऋण का बोझ डालना है।